समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# इस देश के PM ने मोदी को कहा दुनिया का BOSS, उनके फॉर्मूले...

Publisher

Published on 22 Jan 2025



## Fiji Prime Minister: प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी विश्व स्तर पर कितनी अहमियत रखते है, ये तो सभी जानते है. दुनिया के तमाम लीडर पीएम मोदी के मुरीद है. हाल ही मे फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी दुनिया का बॉस कहकर पुकारा है. साथ ही कहा है कि उनके विजन की जरूरत सारी दुनिया को है.

**Fiji Prime Minister:** फिजी के प्रधानमंत्री **सितिवेनी लिगामामाडा राबुका** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का '**बॉस**' करार दिया है. फिजी में **राज्यसभा सांसद** और **इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन** (**IMF**) के **कन्वीनर सतनाम सिंह संधू** और **IMF के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद** के साथ मीटिंग में राबुका ने '**सबका साथ, सबका विकास**' योजना की तारीफ करते हुए कहा कि इसको दुनियाभर में लागू करने की जरूरत है. इसी दौरान उन्होंने पीएम मोदी को दुनिया के '**बॉस**' कहा है.

### सबका साथ सबका विकास की दुनिया को जरूरत

फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के '**सबका साथ सबका विकास**' के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा,'**मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़े और समृद्ध हों. मेरी राय मे दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए.**'

फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा,'**मेरे मित्र (पीएम मोदी) हमारी मुलाकात (2023 मे) के बाद फिर से (पीएम के रूप मे) चुने गए है, इसलिए मै यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हे यह संदेश मिले कि फिजी अभी भी यहां है. हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे है. हमारी तरक्की और विकास मे एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श है.**'

## दुनिया मे शांति के प्रतीक बने मोदी

फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में **शांति** और **हिंदुओं** के प्रतीक बन गए हैं. भारत के लोग उन पर यकीन करते हैं. भारत में लोगों का विश्वास साथ होना एक बड़ी बात है. मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।.समय के साथ दुनिया भर में हिंदुओं की एकता आखिरकार सभी लोगों की एकता में तब्दील होगी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2023 में फिजी की अपनी यात्रा के दौरान **पोर्ट मोरेस्बी** में राबुका से मुलाकात की थी. फिजी के राष्ट्रपति **रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे** की तरफ से प्रधानमंत्री राबुका ने प्रधानमंत्री मोदी को फिजी के सर्वोच्च सम्मान कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी (सीएफ) से सम्मानित किया था.

## ऑस्ट्रेलिया के पीएम भी कह चुके है BOSS

यह पहली बार नहीं है कि किसी विश्व नेता ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है. इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री **एंथनी अल्बानीस** ने उन्हें (मोदी) बॉस कहकर संबोधित किया था. अमेरिका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को शानदार और विश्व स्तर पर शक्तिशाली नेता बताया था और उनका ऑटोग्राफ लेने की इच्छा जताई थी.

## जॉर्जिया मेलोनी ने क्या कहा ?

इटली की प्रधानमंत्री **जॉर्जिया मेलोनी** ने पीएम मोदी को दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला व्यक्ति बताया था. डेनमार्क की प्रधानमंत्री **मेटे फ्रेडरिक्सन** ने कहा था कि पीएम मोदी दुनिया के लिए प्रेरणा हैं और गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा था कि वे उनके आभारी हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.